# जीवन की डोर तुमसे बांधी है सांवरे भजन लिरिक्स

जीवन की डोर तुमसे बांधी है सांवरे,
दर्शन की भीख दे दो नैना हैं बावरे।bd।

---

तेरी ही याद में हम दिन रात जल रहे हैं,
जग की है आस टूटी गिर गिर के चल रहे हैं,
अब तो मुझे बनाले तेरा दास सांवरे,
जीवन की डोरी तुमसे बांधी है सांवरे,
दर्शन की भीख दे दो नैना हैं बावरे।bd।

---

ढूंढा गली गली भटका डगर डगर में,
दिल हो गया दीवाना मोहन तेरे नगर में,
पागल बना हूं तेरा मेरे यार सांवरे,
जीवन की डोरी तुमसे बांधी है सांवरे,
दर्शन की भीख दे दो नैना हैं बावरे।bd।

---

तेरे सिवा नहीं है मेरा दूसरा सहारा,
गणिका गिद्ध अजामिल सबको है तुमने तारा,
कर दो कृपा की मुझपे एक कोर सांवरे,
जीवन की डोरी तुमसे बांधी है सांवरे,
दर्शन की भीख दे दो नैना हैं बावरे।bd।

---

दर पे मैं आया तेरे चरणों में अपने रखना,
मैं तो हूँ पतित पापी करुणा की दृष्टि रखना,
ले लो शरण में मुझको एक बार सांवरे,
जीवन की डोरी तुमसे बांधी है सांवरे,
दर्शन की भीख दे दो नैना हैं बावरे।bd।

---

जीवन की डोर तुमसे बांधी है सांवरे,
दर्शन की भीख दे दो नैना हैं बावरे।bd।

गायक – पूरन पागल।

प्रेषक – आकाश चतुर्वेदी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com